जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक /एफ/प्रशा0/स्था/2021/ 4636 दिनांक 12-10-2021

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक,

अध्ययनशालाएँ, जीवाजी विश्वविद्यालय,

ग्वालियर।

विषयः—वीक्षण कार्य हेतु समस्त समस्त अतिथि विद्वानों को निर्देशित किये जाने बावत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत उल्लेख है, कि केन्द्राध्यक्ष परीक्षा भवन से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में परीक्षा भवन में दिनांक 21/09/2021 को **MBBS IVth YEAR** की परीक्षाएँ सम्पन्न हुई जिसमें केन्द्राध्यक्ष द्वारा वीक्षण कार्य हेतु अतिथि विद्वानों को मोबाईल से संपर्क कर सूचित किया गया। परन्तु विभिन्न कारणों से अधिकांश अतिथि विद्वानों द्वारा वीक्षण कार्य करने में असमर्थता व्यक्त की गई। जिससे परीक्षा संम्पन्न कराने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। चूँकि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा कार्य को **"आवश्यक कार्य"** घोषित किया गया है।

अतः समस्त विभागाध्यक्षों/समन्वयकों/निदेशकों को सूचित किया जाता है, कि वह अपने विभाग में कार्यरत समस्त अतिथि विद्वानों को आदेशित करें कि उनके द्वारा वीक्षण कार्य को गंभीरता से लिया जाकर वीक्षण कार्य में ड्यूटी दी जावें, जिससे कि परीक्षाओं का सुचारू रूप से संचालन हो सकें। यदि किसी अतिथि विद्वान द्वारा बिना किसी कारण के वीक्षण कार्य करने में असमर्थता व्यक्त की जाती है, तो संबंधित अतिथि विद्वान के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :—

1 केन्द्राध्यक्ष, परीक्षा भवन, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2 परीक्षा नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3 कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4 कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहा0/उप0—कुलसचिव (प्रशासन)